# अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सम्बन्धित खेल संस्थान मनाली की वेस्टर्न हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीटूट (WHMI)सोसाईटी के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/2015 से 3/2017

## भाग–एक

**1 प्रारम्भिकः–**

**(क)** वर्तमान लेखा परीक्षा अवधि के दौरान निम्न अधिकारी संस्थान के निदेशक एवं आहरण/संवितरण अधिकारी के पदों पर कार्यरत रहे।

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | पद | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | कैप्टन रणधीर सिंह सलूहरिया | निदेशक एवं आहरण/संवितरण अधिकारी | 1.4.2015 से अद्यतन |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | अनियमितताओं का सार | राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 6 (क) | अग्रिम राशि का समायोजन हेतु शेष पाया जाना | 9.50 |
| 2 | 7 | अत्याधिक हस्तगत राशि | विवरण पैरे में दिया गया है। |

### (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

संस्थान द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों की अंकेक्षण आपत्तियों के निपटारे हेतु कोई सन्तोषजनक कार्यवाही नहीं की गई, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में सम्मिलित पैरों के निपटारे हेतु आवश्यक कार्यवाही करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को भेजे जाने सुनिश्चित किए जाएं। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में सम्मिलित पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से हैः–

**(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 3/2002 से 3/2013**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पैरा–3 (क) (i) | अनिर्णीत |
| 2 | पैरा–3 (क) (ii) | अनिर्णीत |
| 3 | पैरा–3 (क) (iii) | अनिर्णीत |
| 4 | पैरा–3 (ग) (i)(ii)(iii) | अनिर्णीत |
| 5 | पैरा–3 (घ) | अनिर्णीत |
| 6 | पैरा–4 (i)(ii)(iii) | अनिर्णीत |
| 7 | पैरा–5 | अनिर्णीत |
| 8 | पैरा–6 | अनिर्णीत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | पैरा–7 | आंशित निर्णीत | (श्री रेलू राम ठाकुर द्वारा कुल ₹118932 में से ₹112079 दिनांक 10.9.11 को जमा की गई शेष की वसूली शीघ्र की जाए) |
| 10 | पैरा–8 | अनिर्णीत | |
| 11 | पैरा–9 | अनिर्णीत | |
| 12 | पैरा–11 | अनिर्णीत | |
| 13 | पैरा–12 | अनिर्णीत | |
| 14 | पैरा–13 | अनिर्णीत | |
| 15 | पैरा–14 | अनिर्णीत | |
| 16 | पैरा–15 | अनिर्णीत | |
| 17 | पैरा–16 | अनिर्णीत | |
| 18 | पैरा–17 (i) से (xxvi) | अनिर्णीत | |

**(ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2013 से 3/2015**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–3 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क जमा) |
| 2 | पैरा–4 (ग) | अनिर्णीत | |
| 3 | पैरा–4 (घ) (i)(ii)(iii)(iv) | अनिर्णीत | |
| 4 | पैरा–5 (क) | अनिर्णीत | |
| 5 | पैरा–6 (क) | निर्णीत | (पैरा पुनः प्रारूपित) |
| 6 | पैरा–6 (ख) | अनिर्णीत | |
| 7 | पैरा–7 | अनिर्णीत | |
| 8 | पैरा–8 | अनिर्णीत | |
| 9 | पैरा–9 (क) से (ङ) | अनिर्णीत | |
| 10 | पैरा–10 | अनिर्णीत | |

## भाग–दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षणः–

अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सम्बन्धित खेल संस्थान मनाली की वेस्र्टन हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीटूट (WHMI) सोसाईटी के अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री रामलाल सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) व श्री विकास धवन, अनुभाग अधिकारी (ले0प0) द्वारा दिनांक 15.5.2017 से 20.5.2017 व 29.5.2017 के दौरान मनाली में किया गया जिसके परिणाम आगामी अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिए गए है। आय की

विस्तृत जाँच के लिए माह 1/2016 व 3/2017 तथा व्यय की विस्तृत जाँच के लिए माह 10/2015 व 9/2016 का चयन किया गया।

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन को संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई गई अभिलेख एवं सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। उक्त संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी गलत सूचना एवं सूचना उपलब्ध न करवाने के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

**3 अंकेक्षण शुल्कः–**

(WHMI) सोसाईटी के अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क का आंकलन ₹14000 किया गया। संस्थान द्वारा (WHMI) सोसाईटी के लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क की राशि को खाद्य लेखों के अंकेक्षण शुल्क के साथ संकलित करके भेज दिया गया है, जिसका ब्यौरा खाद्य लेखों के अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन में दिया गया है।

**4 वित्तीय स्थितिः–**

**(क)** अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सम्बन्धित खेल संस्थान द्वारा प्रस्तुत संस्थान की (WHMI) सोसाईटी के अवधि 4/2015 से 3/2017 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "क"** पर भी दिया गया है।

| वर्ष | 2015–16 | 2016–17 |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 28858339 | 48317659 |
| वर्ष में प्राप्ति | 21927541 | 12540084 |
| कुल | 50785880 | 60857743 |
| वर्ष में भुगतान | 2468221 | 3527150 |
| अन्तशेष | 48317659 | 57330593 |

**(ख) दिनांक 31.3.2017 को संस्थान की (WHMI) सोसाईटी के लेखों का मिलान एवं समाधान निम्न प्रकार से पाया गयाः–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | कांगड़ा कोओपरेटिव बैंक मनाली खाता संख्या 50060398631 में दिनांक 31.3.2017 को जमा राशि | 482976 |
| (ii) | जमाः– दिनांक 31.3.2017 को रोकड़ बही में हस्तगत राशि | (+) 38066 |
| (iii) | जमाः– दिनांक 31.3.2017 निम्नलिखित चैक जमा किए लेकिन बैंक द्वारा भुनाए नहीं गए (**परिशिष्ट iii**) | (+) 6878280 |
| (iv) | माईनसः– दिनांक 31.3.2017 तक चैक जमा किए लेकिन बैंक में अप्रैल 2017 में प्रस्तुत हुए (**परिशिष्ट ii**) | (–) 2577046 |
| (v) | जमाः– दिनांक 31.3.2017 को सावधि की जमा राशि **(परिशिष्ट iv & v)** | (+)55025474 |

| | |
|---|---|
| कुल | 59847750 |
| अन्तर (59847750–57330593) | (–) 2517157 |

नोटः– गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 3/2002 से 3/2013 में 2517157 का अन्तर है, जिसका समाधान अभी तक नहीं किया गया है।

**5 निवेशः–**

(WHMI) सोसाईटी द्वारा अवधि 4/2015 से 3/2017 के दौरान किए गए सावधि जमा योजना की स्थिति "iv" पर संलग्न है। संस्थान द्वारा सावधि जमा योजना में किए विवरण की जाँच करने पर निम्नलिखित आपत्तियाँ पाई गई।

**(क)** संस्थान द्वारा सावधि जमा योजना में ₹55748212 निवेशित की गई दर्शाई गई है, जोकि संस्थान के खातों में दर्शाई गई राशि से मेल नहीं खाते है। उक्त परिशिष्ट के प्रथम दृश्य अवलोकन में ऐसा प्रतीत होता है कि संस्थान द्वारा FDRs का नवीनीकरण करके इन्हें पुनः निवेशित कर दिया गया है परन्तु वित्तीय स्थिति में कुछ FDRs पर ब्याज रोकड़ बही में नहीं दर्ज किए गए है।

**(ख)** संस्थान द्वारा सावधि जमा योजना **परिशिष्ट "क"** 55025474 अन्तर सावधि जमा योजना (55748212–55025474)=₹722738 अतः अन्तर कम वित्तीय स्थिति में दर्ज ब्याज की जाँच करके अवलोकन उपरान्त आगामी अंकेक्षण में स्थिति स्पष्ट किया जाए। अतः उक्त में भी वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए।

**(ग)** संस्थान द्वारा तैयार की गई सावधि जमा योजना के **परिशिष्ट "v"** में ₹6050000 की FDR कुल 49698212 की FDR में जमा दर्शाकर कुल ₹55748212 दर्शाई गई है जबकि विवरणी में ₹6050000 का विवरण नही दर्शाया गया है जिसे तैयार कर आगामी लेखा परीक्षण में दर्शाया जाना सुनिश्चित करें।

**6 (क) अस्थाई अग्रिम की ₹9.50 लाख का समायोजन हेतु शेष पाया जानाः–**

(WHMI) सोसाईटी के लेखों/अभिलेख की जाँच में पाया गया कि सोसाईटी द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु अग्रिम राशियों का भुगतान किया गया था तथा दिनांक 31.3.17 को निम्न अग्रिम राशियों का समायोजन करना शेष थाः–

**परिशिष्टि "vi"** पर दिया गया है

| Sr. No. | Name | Amt. |
|---|---|---|
| 1 | Diffance in Books | 518 |
| 2 | Executive Eng. IPH | 445 |
| 3 | Sh. Gautam Lal Chauhan | 1500 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | H.P. Winter Game Association | 300000 |
| 5 | Incharge Mtg. Sub. Center Bharmaur | 1413 |
| 6 | Incharge Regional Water Sports Center Pongdam | 398600 |
| 7 | Jr. & Jr. Ski Championship | 214199 |
| 8 | Sh. Kishori Lal | 16000 |
| 9 | Sh. Krishan Dayal | 7000 |
| 10 | Sh. Ramesh Chand Jr. Asstt. | 10769 |
| | **Total** | **₹950444** |

अतः उपरोक्त राशियों को यथाशीघ्र समायोजित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(ख) अग्रिमों की राशियों में ₹88953 के अन्तर बारेः–**

(WHMI) सोसाईटी द्वारा प्रदान अग्रिमों की राशियों व समायोजन में ₹88923 का अन्तर पाया जानाः–

| | |
|---|---|
| गत अंकेक्षण प्रतिवेदन दिनांक 31.3.185 को शेष अग्रिम | 1504704 |
| वर्ष 2015–16 व 2016–17 में प्रदान अग्रिम | (+) 49771 |
| कुल | 1554475 |
| वर्ष 2015–16 व 2016–17 में समायोजित अग्रिम की राशि | (–) 515078 |
| दिनांक 31.3.17 को शेष अग्रिम राशि | 1039397 |
| उपरोक्त विवरणानुसार संस्थान द्वारा दर्शाई गई अग्रिम (असमायोजित) राशि | (–) 950444 |
| अन्तर | 88953 |

अतः असमायोजित अग्रिम राशियों में ₹88953 के अन्तर बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा अग्रिमों की राशियों का मिलान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए विस्तृत विवरण **परिशिष्ट vii** पर दिया गया है।

**7 रोकड़ बही में अत्याधिक हस्तगत राशि रखने बारेः–**

(WHMI) सोसाईटी के अवधि 4/15 से 3/17 के लेखों की जाँच करने पर पाया गया कि संस्थान द्वारा रोकड़ बही में ज्यादा हस्तगत राशियाँ रखी गई थी जोकि एक गम्भीर अनियमितता है। अतः आवश्यकता से अधिक हस्तगत राशियाँ रखने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा भविष्य में कम से कम हस्तगत राशि रखी जाए ताकि ब्याज के रूप में अधिक आय प्राप्त हो सके। हस्तगत राशि का ब्यौरा निम्न प्रकार से हैः–

| माह | 2015–16 | 2016–17 |
|---|---|---|
| अप्रैल | 20047+29995=50042 | 23699 |
| मई | 4659+29995=34654 | 17082 |
| जून | 464+29995=30459 | 28980 |
| जुलाई | 48+29995=30043 | 30220 |

| | | |
|---|---|---|
| अगस्त | 63+29995=30058 | 12754 |
| सितम्बर | 423+29995=30418 | 9702 |
| अक्तूबर | 27350+29995=57345 | 1550 |
| नवम्बर | 27925+29995=57920 | 20748 |
| दिसम्बर | 23730 | 36584 |
| जनवरी | 15439 | 36170 |
| फरवरी | 24939 | 28670 |
| मार्च | 23699 | 38066 |

**नोटः–** अंकेक्षण प्रतिवेदन 4/13 से 3/15 के पैरा संख्या 4 (घ) (iv) के अनुसार कम दर्शाई गई हस्तगत राशि ₹29995

**8 (क) अग्रिम ₹1.50 लाख का समायोजन 6 वर्ष बाद करने बारेः–**

संस्थान के बिल वाउचरों की जाँच करने पर पाया गया कि संस्थान के गोल्डन जुबली समारोह के उपलक्ष्य में संस्थान के कोर्स कल्पा व काजा में करवाने हेतु श्री संजय नगरेक, प्रभारी पर्वतारोहण उपकेन्द्र भरमौर को वर्ष 2009–10 में ₹150000 का अग्रिम दिया गया था तथा उक्त राशि का व्यय 8.1.11 से 17.2.11 तक किया गया। अग्रिम राशि का समायोजन वाउचर संख्या 89 से 164 माह 9/2016 द्वारा ₹148587 का किया गया। अतः अग्रिम राशि का समायोजन 6 वर्ष बाद करवाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व शेष ₹1413 की वसूली न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए राशि की वसूली ब्याज सहित करना सुनिश्चित किया जाए।

**(ख)** उपरोक्त अग्रिम राशि के बिल वाउचरों की जांच करने पर पाया गया कि संस्थान के कोर्स कल्पा में आयोजित करने पर राशन की खरीद मै0 दि दुर्गा सेवा सहकारी सभा रिकांगपिओं से की गई परन्तु निम्न वाउचरों में सहकारी सभा के बिलों के स्थान पर लैटर पैड (Letter Pad) पर खरीद करके राशि का भुगतान किया गया।

| **क्र0सं0** | **वा0सं0** | **बिल नं0/दिनांक** | **राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | 133/9–2016 | शून्य/20.1.11 | 3229 |
| 2 | 134/9–2016 | शून्य/13.1.11 | 4855 |
| 3 | 135/9–2016 | शून्य/27.1.11 | 2060 |
| | | **कुल** | **₹10144** |

अतः उपरोक्त वाउचरों के वास्तविक बिलों को प्राप्त करके राशि का समायोजन किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए।

**(ग)** उपरोक्त अग्रिम राशि के वाउचर संख्या 140 माह 9/2016 के बिल संख्या 1549, दिनांक 29.1.11 की जाँच में पाया गया कि बिल की कुल ₹2720 है जबकि बिल की राशि की गणना ₹2900 की गई है। अतः अधिक समायोजित ₹180 की वसूली करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9 क्वाटर्ज में रंग रोगन करवाने पर ₹2.73 लाख के भुगतान बारेः–**

अंकेक्षण अवधि के व्यय वाउचरों के जाँच करने पर पाया गया कि वाउचर संख्या 165, माह 9/2016 द्वारा मै0 देविन्द्र कुमार ठेकेदार को 6 क्वाटर्ज (Quarters) में रंग रोगन करवाने के एवज में ₹273258 का भुगतान किया गया परन्तु उक्त कार्य हेतु अनुमानित लागत की गणना नहीं की गई थी व न ही यह निर्धारण किया गया कि वास्तविक भुगतान राशि अनुमानित लागत से कितनी अधिक या कम है। अतः कार्य की अनुमानित लागत व कार्य का माप तकनीकी आधार पर न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

**10 यात्रा भत्ता बिल में ₹72 का अधिक भुगतानः–**

अंकेक्षण अवधि के बिल वाउचरों की जाँच करने पर पाया गया कि श्री रमेश कुमार को कार्यालय के कार्य हेतु दिनांक 15.3.16 से 22.3.16 तक दिल्ली की यात्रा करने पर रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 32 दिनांक 29.3.16 को ₹3814 का भुगतान किया गया जबकि श्री रमेश कुमार ने 15.3.16 को रात 9 बजे मनाली से दिल्ली को प्रस्थान किया था। दिनांक 15.3.16 को यात्रा अवधि 6 घन्टें से कम होने के कारण दैनिक भत्ता देय नहीं था। अतः अधिक देय यात्रा भत्ता ₹72 की वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**11 वास्तविक प्राप्तकर्ता रसीदें जाँच हेतु उपलब्ध न होनाः–**

संस्थान द्वारा अंकेक्षण अवधि के चयनित माहों में निम्न भुगतान किए गए थे परन्तु उनकी वास्तविक प्राप्तकर्ता रसीदें जाँच हेतु उपलब्ध नहीं थी।

| Sr. No. | Vr. No. | Cash Book Page No. | Name of Firm | Amt. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 68 to 115/10/2015 | 18 | M/S R.V. Hardware & Sanitary Store Manali | 138505 |
| 2 | 116 to 131/10/2015 | 18 | M/S Thomas Store Manali | 110065 |
| 3 | 85/9/2016 | 52 | M/S Red Chilli Adventure sports Pvt. Ltd. Rishikesh UK | 61750 |

अतः उपरोक्त भुगतानों की वास्तविक प्राप्तकर्ता रसीदें (APR) प्राप्त करके आगामी अंकेक्षण में जाँच हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

12 **लघु आपत्ति विवरणिकाः–** यह अलग से जारी नहीं की गई

13 **निष्कर्षः–** लेखाओं के रख–रखाव में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/–
(चन्द्रेश हाण्डा)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश शिमला–171009.
फोन नं0 0177–2620881

पृष्ठांकनसंख्याः फिन(एल0ए0)(एच)(2)सी(15)(14) 71/83 खण्ड–4,–7002–7003 दिनांक, 30. 11.2017 शिमला–171009.

प्रतिलिपि निम्न को प्रेषित की जाती है :–

**पंजीकृत** :–1 निदेशक, अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सम्बन्धित खेल संस्थान मनाली जिला कुल्लू, हि0प्र0 को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

2 अतिरिक्त सचिव युवा सेवाएं एवं खेल हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला–2

हस्ता/–
(चन्द्रेश हाण्डा)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश शिमला–171009.
फोन नं0 0177–2620881